



नवभारत
सतना, सोमवार,06 जुलाई, 2026



# भारत इंटरनेशनल स्कूल में ए आई रोबोटिक लैब व जिम का हुआ उद्घाटन

## आसमान में शानदार ड्रोन एयर शो एवं कवि सम्मेलन ने दर्शकों को किया मुग्ध, मारुति कार एवं सोने के सिक्कों तक, लकी ड्रॉ में बरसी खुशियों की सौगात





नवभारत न्यूज

**रामपुर बघेलान 5 जुलाई। भारत इंटरनेशनल स्कूल तपा रामपुर बघेलान में शनिवार को ए आई लैब एवं जंगल जिम का भव्य शुभारंभ किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमति सुष्मिता पंकज सिंह रहीं एअध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी ने कीए विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ट भाजपा नेता डॉ पंकज सिंह परिहार डीएसपी हेमंत शर्मा मीशा बंदी सुभाष श्रीवास्तव डॉ केशव त्रिपाठी उपस्थित रहे।

हास्य कवि सम्मेलन में कवियों ने हसी की फुहार लगाई एवं भारत इंटरनेशनल स्कूल तपा के बच्चों आधुनिक तकनीक की प्रदर्शनी को सुसज्जित किया।

शहर की प्रतिष्ठित आभूषण प्रतिष्ठान विदुर सर्राफ्ए सुखनंदन प्रसाद सर्राफरामपुर बाघेलान द्वारा आयोजित लकी ड्रॉ.2026 के विजेताओं की घोषणा उत्साहपूर्ण माहौल में की गई। ड्रॉ के परिणाम घोषित होते ही विजेताओं और उनके परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। फर्म द्वारा ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सुनील सोनी ने सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई दी गई।

लकी ड्रॉ में सबसे बड़ा पुरस्कार मारुति कार का रहाए जिसके भाग्यशाली विजेता अजीत कुमार दुबेए पिता दिनेश प्रसाद दुबेए निवासी ग्राम बढ़ौरा बने। इसके अलावा 10 भाग्यशाली ग्राहकों को 1.1 ग्राम शुद्ध सोने का सिक्का पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया जाएगा। विजेताओं में गोपीनाथ पटेल ;ग्राम शाहद्ध रामशरण सिंह ;ग्राम बम्हौरी जितेंद्र तिवारी ;ग्राम बेलहटी श्रीकांत गुप्ता ;बेला कोठार धीरज मिश्रा ;कृष्णगढ़ आकांक्षा कुशवाहा ;प्रिज्म कॉलोनी सीताराम दहिया ;देवरा रावेन्द्र सिंह ;रघुनाथपुर शिवकुमार सिंह ;दिनापुर तथा विजय सिंह हरदुआ शामिल हैं।

विदुर सर्राफ के संचालक सुनील सोनी ने बताया कि ग्राहकों के विश्वास स्नेह और निरंतर सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से हर वर्ष आकर्षक लकी ड्रॉ योजना आयोजित की जाती है। इस योजना को ग्राहकों का भरपूर समर्थन और उत्साह मिलता हैए जिसके कारण यह आयोजन लगातार लोकप्रिय होता जा रहा है।

फर्म की ओर से सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के उपरांत सभी पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही ग्राहकों से भविष्य में भी इसी तरह अपना विश्वास और स्नेह बनाए रखने की अपील की गई। कार्यक्रम का संचालन कवि सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर नगर के प्रबुद्ध जनए समाजसेवीए अभिवावक एवं समस्त शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

# महिला ने अपनी जान की सुरक्षा की लगाई गोहर

## पुलिस अधीक्षक को लिखा पत्र

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 05 जुलाई। सतना जिले के रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत करही वार्ड क्रमांक 2 में रहने वाली माधुरी दुवेदी ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर अपनी जान की सुरक्षा की गोहर लगाई है।**

श्रीमती द्विवेद्वी ने रामपुर थाने में पहले भी अपने पति के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज है। उन्होंने कहा कि मेरा पति बंद कमरे में मारपीट किया हैए आरोपी चक्रधर दुवेदी की पत्नी का आरोप है कि चक्रधर द्विवेदी एक अपराधिक किस्म का यक्ति हैए जिसके पहले भी कई मुकदमे हैं। वह आए दिन मेरे साथ मारपीट करता रहता है।

पत्नी का आरोप है कि अब सास ससुर के द्वारा दहेज व जमीन की मांग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सतना को दिए पत्र में अपनी जान की सुरक्षा की गोहर लगाई है।

# बलिया सांसद का चित्रकूट पहुंचने पर सपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 05 जुलाई। समाजवादी पार्टी कार्यालय बस स्टैंड कर्वी में पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव ने एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने किया ।**

बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद बालकुमार पटेल जी एवं पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल मौजूद रहे। कार्यक्रम में बलिया के सांसद सनातन पांडे के चित्रकूट जनपद आगमन पर जिला संगठन चित्रकूट द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया । सनातन पांडे के कार्यक्रम के संयोजक पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिद्धार्थ पांडे ने भी अपने साथियों के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । तत्पश्चात ब्राह्मण समाज की मीटिंग को संबोधित करते हुए बलिया सांसद सनातन पांडेय ने कहा कि योगी सरकार में सर्वाधिक अत्याचार ब्राह्मण समाज पर हुआ है। प्रदेशन का पूरा ब्राह्मण सपा के साथ है।

उन्होने कहा कि 2027 में अखिलेष यादव के नेतृत्व में सपा की उत्तर प्रदेष में सरकार बनेगी। वहीं जिला बार संघ के अध्यक्ष सुशील मिश्रा ने ब्राह्मणों का आहवान करते हुए कहा कि समाज को दिशा देने का काम सदैव ब्राह्मणों ने किया है आगामी 2027 के विधान सभा चुनाव में चित्रकूट के साथ पूरे प्रदेश के ब्राह्मण समाज ने ये ठान लिया है कि तानाशाही भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम ब्राह्मण समाज करने जा रहा है ।आगामी 5 अगस्त को लखनऊ में छोटे लोहिया पं0 जनेश्वर मिश्र जी की जयंती के उपलक्ष में होने वाली विशाल सभा का आमंत्रण देते हुए बताया कि भगवान राम के आदर्शों में चलने का संकल्प से समाजवाद की परिकल्पना परिलक्षित होती है । भगवान श्री राम के पूरा जीवन समाजवादी मूल्यों से भरा रहा है चाहे राम सेतु निर्माण में वानर, भालू,पशु ,पक्षी यानी समाज के हर तबके को शामिल कर लंकापति रावण को हराने का काम किया वही नारा ही आज परिवर्तित रूप में के दौर का पी.डी.ए. है ।

# त्रैमासिक डेल्टा रैंकिंग में चित्रकूट देश में द्वितीय व यूपी में रहा प्रथम : पुलकित गर्ग

## चित्रकूट को मिली बड़ी उपलब्धी से अधिकारियों में खुशी की लहर




नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 05 जुलाई। नीति आयोग द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े देश के 112 जनपदों को आकांक्षी जनपद कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है।**

कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना सहित पांच प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति के आधार पर त्रैमासिक डेल्टा रैंकिंग जारी की गई है ।जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि मार्च 2026 की त्रैमासिक डेल्टा रैंकिंग में जनपद चित्रकूट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सम्पूर्ण भारत में द्वितीय स्थान तथा उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जनपद प्रशासन, विभिन्न विभागों, विकास साझेदारों एवं जनसहभागिता के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। विशेष गर्व का विषय है कि मार्च की रैंकिंग में जनपद चित्रकूट ने शिक्षा तथा वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास सेक्टर में सम्पूर्ण देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।मार्च 2026 की सेक्टरवार रैंकिंग में स्वास्थ्य एवं पोषण में 14वां स्थान, शिक्षा में प्रथम स्थान, कृषि एवं जल संसाधन 103वां स्थान, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास प्रथम स्थान, आधारभूत संरचना में 90 वां स्थान प्राप्त किया ।उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2025 की डेल्टा रैंकिंग में जनपद चित्रकूट को राष्ट्रीय स्तर पर 12वां स्थान प्राप्त हुआ था। वर्तमान रैंकिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जनपद ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है ।यह उपलब्धि जनपद के समग्र एवं समावेशी विकास की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों की सफलता का प्रतीक है। जनपद प्रशासन आगामी समय में भी विकास के सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध है।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक आयोजित

## संगठन की मजबूती पर हुआ मंथन



नवभारत न्यूज

**अमदरा 05 जुलाई। श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री शलभ भदौरिया के निर्देशानुसार श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई मैहर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रीनिवास चतुर्वेदी ने की।**

बैठक में संगठन के विस्तारए पत्रकारों के हितों की रक्षाए सदस्यता अभियान तथा संगठन को अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित पत्रकारों ने संगठन की एकजुटता बनाए रखने और पत्रकारों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ शासन.प्रशासन के समक्ष उठाने का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष श्री शलभ भदौरिया के मार्गदर्शन में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का विश्वास व्यक्त किया। इस अवसर पर महासचिव रमाकांत दुबे सुनील दहिया अंकित अग्रवाल सत्य प्रकाश बबलू रजक अभिषेक तिवारी नीलेंद्र दुबे रवि प्रकाश कृष्ण कुमार पांडे अलताब अहमद कमलेंद्र कुशवाहा कमलेश सिंह विकास सोनी दीपक बढौरिया रवि चौरसिया आनंद श्रीवास्तव जिला इकाई के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा संगठनात्मक विषयों पर अपने सुझाव भी दिए। बैठक का समापन सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती एवं पत्रकार हित में निरंतर कार्य करने के संकल्प के साथ किया गया।

# मंडलायुक्त ने चित्रकूट पहुँच अधिकारियों के साथ लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 5 जुलाई उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 8 जुलाई को जनपद चित्रकूट में भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मण्डल (बाँदा) अजीत कुमार, उप महानिरीक्षक (डीआईजी) राजेश एस., जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।**


अधिकारियों द्वारा सर्वप्रथम चित्रकूट इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया, जहां मुख्यमंत्री द्वारा दो बजे एक विशाल जनसभा को संबोधित किया जाना प्रस्तावित है। इसके उपरांत, कलेक्ट्रेट सभागार मे मुख्यमंत्री द्वारा लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए गए पुराने व नए कार्यों की मंडलीय समीक्षा के पश्चात जनपदीय विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री रात्रि प्रवास करेंगे। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सौंपे गए समस्त दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि तैयारियों में किसी भी स्तर पर शिथिलता अक्षम्य होगी। इस अवसर पर जनपद के संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### एक नजर में



#### गौरिहार मंदिर मामले में अब 8 को हाईकोर्ट में होगी सुनवाई

**चित्रकूट.** चित्रकूट धर्म नगर भगवान श्री राम की कर्मस्थली स्थित कुछ दस्ता बेजो तथा इतिहास के अनुसारगौरिहार सदियों से करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है लगभग 300 वर्ष पुराने गौरिहार मंदिर से जुड़े बहुचर्चित अतिक्रमण मामले की सुनवाई 8 जुलाई 26 को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर में अहम सुनवाई प्रस्तावित है। इस सुनवाई को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओंए संत समाज और स्थानीय नागरिकों की निगाहें न्यायालय पर टिकी हुई हैंसूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुनवाई के दौरान मंदिर से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज ऐतिहासिक तथ्यों और कानूनी पक्षों पर विस्तार से बहस होगी। श्रद्धालुओं का मानना है कि यह केवल एक न्यायिक प्रक्रिया नहीं बल्कि उनकी वर्षों पुरानी आस्था और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा मामला है ।स्थानीय धार्मिक मान्यता के अनुसारए जब भगवान श्रीरम कोलंका विजय के बाद चित्रकूट आऐ उस समय भगवान श्रीराम कापुष्पक विमान से अयोध्या लौट रहे थेए तब उनका पुष्पक विमान इसी पावन स्थल गौरिहार मदिरपर उतरा था। मान्यता यह भी है कि यहीं से भगवान श्रीराम ने हनुमानजी को अयोध्या भेजकर भाई भरत को यह संदेश देने के लिए कहा था कि प्रभु श्रीराम चित्रकूट पहुंच चुके हैं। इसी कारण यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र माना जाता हैश्रद्धालुओं का कहना है कि गौरिहार मंदिर केवल पत्थरों से बनी एक इमारत नहीं बल्कि उनकी आस्था संस्कृति इतिहास और सनातन परंपरा का प्रतीक है। हर भक्त की यही कामना है कि इस प्राचीन धरोहर की गरिमा और पहचान अक्षुण्ण बनी रहेअब 8 जुलाई 26 की सुनवाई पर सभी की निगाहें टिकी हैं। लोगों को विश्वास है कि न्यायालय के समक्ष सभी तथ्य सामने आएंगे और न्याय के साथ .साथ इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहर का सम्मान भी सुरक्षित रहेगा



#### कामतानाथ में चला सफाई अभियान

**चित्रकूट।** प्रत्येक रविवार ।सप्ताह कार्यक्रम कामतानाथ धाम में चला भव्य स्वच्छता अभियान स्वच्छ भारत मिशन के संकल्प से बदलेगा चित्रकूट का स्वरूप यह अभियान जिलाधिकारी पुलकित गर्ग अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव के निर्देशन में नगर पालिका परिषद चित्रकूट तथा कामदगिरि स्वच्छता समिति के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गयाअभियान का शुभारंभ आज का अभियान मनसा पूर्ण हनुमान जी से गर्ग जी के घर तक के समीप से किया गया। इस दौरान कामतानाथ परिक्रमा मार्ग एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफ .सफाई की गई। सफाई कर्मियों द्वारा मार्ग पर फैले कूड़ा .करकटए प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को एकत्रित कर उसका समुचित निस्तारण किया गया। साथ ही परिक्रमा मार्ग को स्वच्छए सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु व्यापक स्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 .26 में बेहतर प्रदर्शन के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। राकेश केसरवानी कामदगिरि स्वच्छता समिति अध्यक्ष गंदगी को कहो अलविदा स्वच्छता अपनाओ स्वच्छ भारत मिशन के सॉन्गकामदगिरि स्वच्छता समिति उपाध्यक्ष राजेंद्रत्रिपाठी कामतानाथ की पवित्र माटी स्वच्छता से होगी महान स्वच्छ भारत मिशन का प्राण जन .जन में गंदगी अब नहीं सहेंगे कामतानाथ की पावन धरा स्वच्छ रख कर दिखलाएंगेइस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालने सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को न्यूनतम रखने तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया गया।

# आयुष्मान कार्ड के लिए जल्द ही शुरु होगा नया पोर्टल

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 05 जुलाई सूचना निदेशक विशाल सिंह ने बताया कि पत्रकार बन्धुओं के हितार्थ महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है। अब पत्रकार बन्धुओं को आयुष्मान कार्ड और आसानी से प्राप्त हो सकेंगे।**

उन्होने बताया कि जिन पत्रकार बन्धुओं ने आयुष्मान कार्ड के लिए अपना आवेदन किया है और कतिपय कारणों से उनका कार्ड नहीं बन पाया है, पोर्टल पर अपने कार्ड का स्टेटस चेक कर सकते है। पोर्टल पर नाम प्रदर्शित होने पर किसी भी प्रकार के संसोधन के लिए संबधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर संसोधन भी करा सकते है।

उन्होने यह भी बताया कि जिन पत्रकार बन्धुओं ने अभी तक आयुष्मान कार्ड के लिए अपना आवेदन नहीं किया है या आवेदन किया है और उनका कार्ड नहीं बना है, इसके समाधान हेतु शीघ्र ही ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जायेगा। पोर्टल शुरू होने के पश्चात पत्रकार बंधु अपने जनपद के जिला सूचना अधिकारी के माध्यम से पोर्टल पर अपना आवेदन उपलब्ध करा सकेंगे। पोर्टल प्रारम्भ होने की सूचना तत्काल उपलब्ध करा दी जाएगी।

# खेल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक आमंत्रित

नवभारत न्यूज

**सतना 05 जुलाई। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2026 के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित खेल पुरस्कारों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।**

इनमें एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाष जोशी एवं लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार के लिए इच्छुक खिलाड़ी 10 जून से 31 जुलाई 2026 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार खेल और युवा कल्याण विभाग म.प्र. शासन के नवीन पुरस्कार नियम 2021 के अनुसार वर्ष 2021 से 31 मार्च 2026 तक की खेल उपलब्धियों के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान साहसिक खेलों (जल, थल एवं वायु आधारित) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी एकलव्य एवं विक्रम पुरस्कार हेतु पात्र होंगे। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन रखी गई है इसके अलावा अनुदान मोबाइल ऐप डाउनलोड करके भी आवेदन किया जा सकता है। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सतना/मैहर ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने के बाद अभ्यर्थियों को आवेदन की प्रति (पंजीयन क्रमांक सहित) तथा संबंधित खेल प्रमाण-पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति जिला खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय अथवा संचालनालय, टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में 31 जुलाई 2026 तक जमा करना अनिवार्य होगा।

# रामपुर के बीदा में आवास योजना में फर्जीवाड़ा, कागजों में बने पक्का दो कमरे

## मौके पर पहुंचे जांच अधिकारियों को गायब मिले पीएम आवास, घोटाले की खुली पोल





नवभारत न्यूज

**रामपुर बघेलान 05 जुलाई। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। ग्राम पंचायत बीदा ;सेमराद्ध निवासी शिवप्रसाद पटेल को कागजों में श्दो कमरों का पक्का मकान दिखाकर योजना से वंचित कर दिया गया, जबकि मौके पर हकीकत पूरी तरह उलट निकली।**

शिकायत क्रमांक 38925785 पर ब्ड हेल्पलाइन में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार जांच में बताया गया कि हितग्राही के पास 2 कमरों का पक्का मकान है, इसलिए उसे अपात्र घोषित करते हुए शिकायत को बंद कर दिया गया। लेकिन जब मामला उजागर हुआ और अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचे, तो सच्चाई सामने आ गई रिपोर्ट में बताए गए दो पक्के कमरे मौके पर कहीं दिखाई ही नहीं दिए। अधिकारी खुद जिस घर में बैठे नजर आए, वह कच्चा और झोपड़ी जैसा था, जिसकी तस्वीरें भी इस फर्जीवाड़े की पोल खोल रही हैं। इस पूरे मामले ने सबसे बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर कागजों में दिखाए गए 2 पक्के कमरे गए कहां ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। जिन लोगों ने 20,000 तक की राशि दी, उन्हें प्रधानमंत्री आवास का लाभ दे दिया गयाए चाहे उनके पास पहले से पक्के मकान ही क्यों न हों। वहीं असली गरीबों को जानबूझकर कागजों में पक्का मकान दिखाकर अपात्र कर दिया गया। यह मामला केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है। जानकारी के अनुसारए ऐसे 20 से अधिक गरीब परिवार हैं जिन्हें इसी तरह कागजों में अपात्र घोषित कर योजना से वंचित कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई अधिकारी 15 वर्षों से एक ही पंचायत में जमे हुए हैंए जिसके कारण भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला और लाभ अपने रिश्तेदारों एवं परिचितों तक सीमित रखा गया।

वहीं क्षेत्र में कई विधवा महिलाएं वर्षों से प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति के लिए चक्कर काट रही हैंए जबकि कई गरीब परिवार आज भी कच्चे और झोपड़ी जैसे घरों में रहने को मजबूर हैं। बारिश के मौसम में उनकी स्थिति और भी खराब हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर पानी फिरता नजर आ रहा है। अब मांग उठ रही है कि वर्ष 2018 से अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कराई जाएए ताकि फर्जी लाभार्थियों और असली हकदारों की सच्चाई सामने आ सके। मामला उजागर होने के बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है और कई मामलों की पुन: जांच शुरू कर दी गई है। यदि जांच में गड़बड़ी पाई जाती है तो अपात्र लोगों से लाभ वापस लिया जा सकता है और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई संभव है।

**अब सबसे बड़ा सवाल यही है-** क्या दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई होगीघ् क्या गरीबों को उनका हक मिलेगाए या सच एक बार फिर फाइलों में दब जाएगा। कागजों में पक्का मकानए हकीकत में टूटी झोपड़ी यही है सिस्टम का कड़वा सच!



मामला सामने आने के बाद जनपद सीईओ सुश्री रश्मि पाण्डेय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मौका निरीक्षण के निर्देश दिए और स्पष्ट कहा कि गलत रिपोर्ट लगाने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में पंचायत सचिव रामनरेश पांडेयए रोजगार सहायक महेश त्रिपाठी और पीसीओ ऋषि पाण्डेय पर फर्जी रिपोर्ट लगाने के आरोप लगे हैं।